रौल नं0..............................नाम परीक्षार्थी..........................................

VII-15 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० **A**

# विज्ञान

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 7 पूर्णांक – 100

**नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. निम्न खण्डों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए:– 8

(क) निम्न में किसके अणुओं के बीच अन्तर आणविक आकर्षण बल सबसे अधिक होता है :–

(अ) पानी (ब) बर्फ

(स) भाप (द) ऑक्सीजन।

(ख) जलवाष्प के द्रव में बदल जाने की क्रिया को कहते हैं :–

(अ) गलनांक (ब) हिमांक

(स) वाष्पीकरण (द) संघनन।

(ग) निम्न में कौन जल के साथ तेजी से क्रिया करता है :–

(अ) सोडियम (ब) कैल्शियम

(स) मैंगनीशियम (द) लोहा।

(घ) वस्तु द्वारा प्रति सेकेण्ड किये गये कम्पनों की संख्या को कहते हैं :–

(अ) आवर्तकाल (ब) आयाम

(स) आवृत्ति (द) कोई नहीं।

2. निम्न में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 8

(क) तत्व केवल एक ही प्रकार के .................. से बना होता है।

(ख) लोहे की छड़ ऊष्मा की .................. है।

(ग) शरीर के बाह्य सुरक्षात्मक आवरण बनाने में .............. ऊतक सहायता करते हैं?

(घ) लोहे की छड़ ऊष्मा की .................. है।

3. किन्हीं चार खण्डों को हल कीजिए :– 20

(क) मस्तिष्क की जाँच करने की मशीन का क्या नाम है?

(ख) Na, Br, Mn, Ag, Au तत्वों के नाम लिखिए।

(ग) प्रविभाजी ऊतक कहाँ पाए जाते हैं?

(घ) जल की स्थायी कठोरता किसके कारण होती है?

(ङ) अम्ल क्या है?

(पृष्ठ पलटिए)

4. किन्हीं तीन खण्डों को हल कीजिए :- 24

(क) निम्न में से अम्ल और लवण को अलग–अलग छाँटकर लिखिए:- नीबू का रस, कास्टिक सोडा, बुझा चुना, नमक, सिरका, कैल्शियम सल्फेट, इमली का रस

(ख) ऊर्जा के चार नवीनीकरणीय स्रोतों के नाम लिखिए।

(ग) तंत्रिका कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए।

(घ) विज्ञान और प्रौद्योगिकी में किस प्रकार घनिष्ठ सम्बन्ध है? स्पष्ट कीजिए।

5. किन्हीं तीन खण्डों को हल कीजिए :- 30

(क) सुचालक और कुचालक पदार्थो में अन्तर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

(ख) अवतल दर्पण तथा उत्तल दर्पण में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ग) ऊतक की परिभाषा दीजिए। पादप ऊतक का वर्णन कीजिए।

(घ) जाड़े के मौसम में नदियों के जल की सतह पर बर्फ जमी होने पर भी जल के अन्दर के प्राणी कैसे जीवित रहते हैं?

6. कोई एक खण्ड हल कीजिए :- 10

(क) निम्न समीकरणों को पूर्ण कीजिए :-

(अ) $4Na + O_2$ .............

(ब) $Na_2O + H_2O$ ...........

(स) $NaOH + HCl \rightarrow NaCl +$ ............

(द) $Mg + 2HCl \rightarrow MgCl_2 +$ ...........

(ख) सही जोड़े बनाइए :-

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| चन्द्रमा | अपार दर्शक |
| सूर्य | परावर्तन सतह |
| ईंट | अल्प पारदर्शक |
| दर्पण | अदीप्त |
| ट्रेसिंग कागज | दीप्त। |